तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि


# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 19 मई 2024

11 जिले में सैकड़ों की संख्या में हरिभूमि के पाठकों को दिया गया पुरस्कार



12 काली घटाएं छाई रही पर बारिश नहीं हुई, पारा 26 डिग्री पर





# पीएमश्री स्कूल का समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत उपयोगी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के पांचों विकासखण्ड के सात शालाओं में संचालित पीएमश्री स्कूल के बच्चों के समर कैंप का आयोजन 16 से 18 मई तक आदर्श कन्या आश्रम बारूका में किया गया। जिसमें बच्चों को विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आज समर कैंप के समापन कार्यक्रम में कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों से विभिन्न विधाओं में सीखें गए कलाओ की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में ऐसे समर कैंप को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत ही उपयोगी बताया।

## बारूका में पीएम श्री स्कूल के बच्चों का तीन दिवसीय समर कैंप संपन्न



### आयोजन की सराहना

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत ने बच्चों के उन्मुखीकरण के लिए ऐसे कार्यक्रम को मील का पत्थर बताया तथा प्रशिक्षक गण, सहयोगी शिक्षकों, एवं संकुल समन्वयकों को समर कैंप के सफल संचालन के लिए बधाई दी।

उक्त कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरा, बीआरसी छुरा, विभिन्न विकासखंडों से आए शिक्षकगण एवं विकासखंड गरियाबंद के संकुल समन्वयकगण भी उपस्थित रहे। जिन्होनें अपने महत्वपूर्ण योगदान से कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महति भूमिका का निवर्हन किया।



शिक्षकों को ऐसे कार्यक्रम के लिए प्रोत्साहित भी किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समर कैंप के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। साथ ही बच्चों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके सारस्वत, डीएमसी केएस नायक सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**कैरम खेल की बारीकियों से भी बच्चों को कराया अवगत :** समर कैंप के आज तृतीय एवं अंतिम दिवस में संगीत, नृत्य, ड्राइंग पेंटिंग, लेखनकार्य, मेहंदी, नाटक,आदि विधाओं के साथ साथ कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, शतरंज, लूडो एवं कैरम खेल की बारीकियों से भी बच्चों को अवगत कराया गया।

## खबर संक्षेप

### अधूरे कांक्रीटीकरण कार्य को पूरे करने की मांग



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत खड़मा में जनपद पंचायत विकास निधि योजना के तहत गली कांक्रीटीकरण कार्य श्रवण यादव घर से हाईस्कूल तक निर्माण कार्य किया जाना है, जिसकी स्वीकृति राशि 2.00 लाख रूपये का निर्माण कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत खड़मा के द्वारा किया गया है। गली कांक्रीटीकरण कार्य कुछ महीने पूर्व प्रारंभ किया गया था। गली कांक्रीटीकरण कार्य हाईस्कूल से कुछ दूरी तक किया गया है। निर्माण कार्य अधूरे हैं, जिसको देख कर ग्रामीण व मुहल्ले के लोगों ने तत्काल अधूरे कार्य को पूरे करने की मांग शासन- प्रशासन से की है।

### श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव व भंडारे का आयोजन आज

**अभनपुर।** विकासखंड के ग्राम बिरोदा मे श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव एवं अमृतमय भंडारा का आयोजन 19 मई रविवार को रखा गया है। आयोजक समिति एवं पंचायत सरपंच ने बताया कि महोत्सव मे भगवान श्याम खाटू का अलौकिक श्रृंगार,इत्र व पुष्प वर्षा,अखंड ज्योत व 56 भोग अर्पित कर अमृतमयी भंडारा आयोजन किया जायेगा। रात्रिकालिन श्रीराम मंदिर मैदान मे बिहार व मध्यप्रदेश सहित रायपुर के कलाकारो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी।

### विधायक जनक हिमाचल प्रदेश हमीरपुर के लिए आब्जर्वर नियुक्त

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव को उनके कार्यो और सक्रियता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी हैं। वहीं विधानसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ में बीजेपी की लहर चलने के बाद भी बीजेपी के गढ़ माने जाने वाले बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जनक ध्रुव ने जीत हासिल की। अब लोकसभा चुनाव में पार्टी ने हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के आब्जर्वर के रूप में बड़ी ज़िम्मेदारी सौंपी है।



## समस्या : शासन से था 2 करोड़ रूपए स्वीकृत, मगर नहीं मिली जगह, बस स्टैंड नहीं बना

# राजिम में स्थायी बस स्टैंड नहीं, सड़कों पर वाहन, यात्री रोज हो रहे हैं परेशान

श्यामकिशोर शर्मा ▶▶ राजिम

कहने को तो राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयागराज कहा जाता है। ये शहर रायपुर-देवभोग-उड़ीसा स्टेट को जोड़ने वाले राजमार्ग 130 पर है। यहां से होकर ढेर सारे यात्री गाड़ियां सवारी भरकर आती-जाती है। राजिम से रायपुर मार्ग पर करीबन 70 मिनी बसे चलती है। कमोवेश राजिम से महासमुंद और राजिम से गरियाबंद के लिए भी इतनी ही गाड़ियां दिन भर दौड़ती है। गर लंबी रूट की बात करें तो देवभोग-रायपुर के लिए 20 बड़ी बसे आती है और इतनी ही संख्या में बसे जाती है। मतलब दिन भर में 40 बड़ी बसे। पर क्या मजाल है कि गरियाबंद जिले के सबसे बड़े शहर राजिम में एक बस स्टेण्ड बना हो। बस स्टेण्ड के अभाव में तमाम मार्गो की गाड़ियां बीच सड़क में ही सवारी भरती है और सवारी उतारती भी है। यदि इन बसों की प्रतिक्षा करनी होती है तो यात्रियो को धूप, बरसात के पानी और ठंड के समय किसी होटल या दुकान में खड़े होना पड़ता है, क्योंकि बस स्टेण्ड नहीं है तो स्वाभाविक है यात्री प्रतिक्षालय भी नहीं है। पानी गिरते में किसी दुकान या होटल से गाड़ी पकड़ने के लिए यात्रियों को दौड़ लगाना पड़ता है।

- लंबी रूट की यात्री बसों के टाइमिंग का यात्रियों को नहीं है पता

राजिम से महासमुंद, छुरा, गरियाबंद और रायपुर मार्ग के लिए इस शहर से होकर यात्री गाड़ी सहित तमाम मालवाहक और दीगर वाहन हजारों की संख्या में चलती है। तमाम यात्री गाड़ियां सवारी भरने और उतारने के लिए रोड पर ही खड़ी होती है। सभी रूटों के लिए जहां गाड़ियां खड़ी होती है, उसे पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक कहते हैं। इस चौक से होकर गाड़ियां आती-जाती है। चौक के सभी ओर सड़क तक लोग अपने व्यापार-व्यवसाय को फैलाकर रखते हैं। दोपहिया वाहन, सायकलों की ढेर नजर आती है। ट्रेक्टर चालक, मिनी बस बीच रोड में अपनी गाड़ी खड़ी कर देते हैं। ऊपर से तुर्रा यह कि फलवाले, चाट वाले भी सड़क पर ही ठेला लगाकर व्यवसाय करते हैं। जाहिर है जब ठेला लगेगा, तो ग्राहक झुमेंगे ही। इस तरह से चौड़ी सड़क संकरी नजर आती है। गाड़ियों के ड्राईविंग करने वालों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

24 घण्टे में 8-10 घण्टे तो लावारिस मवेशियां बीच रोड पर बैठी नजर आती है। पुलिस के जवानों की ड्यूटी चौक में लगती जरूर है। मगर वे एक किनारे में बैठकर केवल मजा लेते देखे जाते हैं या फिर मोबाइल पर मशगुल रहते हैं। वे चौक पर तभी सक्रिय रहते हैं, जब कोई व्हीआईपी या व्हीव्हीआईपी का दौरा होता है। बता दें कि राजिम क्षेत्र में ढेर सारे रेत खदान होने की वजह से भी पूरा दिन ओव्हरलोड हाईवा वाहन जानलेवा रफ्तार में दौड़ती है। बस स्टैण्ड से लेकर रायपुर रोड पर फॉरेस्ट नाका, महासमुंद रोड में तहसील ऑफिस और गरियाबंद मार्ग पर दत्तात्रेय मंदिर तक ट्रेफिक का दबाव इतना बढ़ा हुआ होता है कि यहां से सही-सलामत निकल गए, तो जिन्दगी बच गई, वर्ना दुर्घटना होना तय समझो। गरियाबंद जब जिला बना, तो लोगों को यह उम्मीद थी कि राजिम का कायाकल्प जरूर होगा मगर ऐसा हुआ नहीं।





### बस स्टैंड के लिए 2 करोड़ रूपए स्वीकृत लेकिन जगह नहीं मिला

नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर ने बताया की राजिम में बस स्टैंड के लिए शासन द्वारा 2 करोड़ रूपए स्वीकृत किया गया था। पार्षदो एवं गणमान्य नागरिकों के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ तत्कालीन कलेक्टर से मुलाकात कर बस स्टैंड के लिए जगह देने की मांग किया गया था। लेकिन जगह नहीं मिला। इसलिए बस स्टैंड का निर्माण कार्य नहीं हो सका।

### गाड़ियों का समय बताने वाला कोई नहीं

रायपुर से देवभोग और देवभोग से रायपुर चलने वाली बसो में मां शारदा, रायल, महिंद्रा, रूद्राक्ष, न्यू बस जैसे कंपनियों की बस चलती हैं। मगर कौन सी कंपनी की बस? कितने बजे आएगी? कब जाएगी? ये किसी को मालूम नहीं होता। क्योंकि इनके आने-जाने की टाइमिंग संबंधी बोर्ड स्टेण्ड में लगा ही नहीं है। काफी स्पीड से ये बसे बस स्टेण्ड पहुंचती है जिस स्पीड से आए रहती है उसी स्पीड में यात्रियों को झट से उतारती है और बहुत ही कम समय रूककर मिनटों में ही अपने गंतव्य की ओर चली जाती है। यात्री यदि जरा सा भी ध्यान नहीं दे पाए तो समझो वो गाड़ी छुट गई। इसलिए यात्रियों को बैग पकड़े बाल बच्चों के साथ अलर्ट रहकर सड़क पर ही खड़े रहना पड़ता है। गाड़ी के लिए भले ही उन्हें आधा घंटा इंतजार करना पड़े मगर सड़क पर ही खड़ा होना पड़ेगा।

### शाम के बाद नहीं मिलती गाड़ियां

राजिम से महासमुंद, गरियाबंद और रायपुर के लिए दिन में तो तकरीबन 150 यात्री गाड़ियां हैं, जिसमें 70 गाड़ियां हर दो से पांच मिनट के अंतराल में रायपुर के लिए चला करती है। घंटा-घंटा में महासमुंद, छुरा, गरियाबंद के लिए भी मिनी बसें मिलती है, परंतु शाम 7:30 बजे के बाद परेशानियों का दौर शुरू हो जाता है। लोगों को सड़क के ऊपर भटकते देखा जाता है। कमोवेश यही हाल नवापारा से आरंग मार्ग, कुरूद मार्ग, मगरलोड मार्ग के अलावा रायपुर मार्ग पर होती है।

## हादसा

### तेज रफ्तार मोटर सायकल पेड से टकराई, स्वास्थ्य कार्यकर्ता घायल



**मैनपुर।** मोटर सायकल से मैनपुर की तरफ आ रहे एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता की मोटर सायकल अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई। जिससेवह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हे ईलाज के लिए मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड के राजापडाव गौरगांव क्षेत्र में पदस्थ स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रदीप कुमार शुक्रवार को अपने मोटर सायकल से मैनपुर के तरफ आ रहा था तेज रफ्तार मोटर सायकल अनियंत्रित होकर सीधा दो पेडों के बीच जाकर फंस गया और मोटर सायकल में सवार प्रदीप कुमार जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे उसके पैर, हाथ व चेहरे में चोट ▶▶ शेष पेज 11 पर

## कार्रवाई

### जर्जर प्रतीक्षालय को बुलडोजर से किया ध्वस्त



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित एसडीएम कार्यालय के सामने जर्जर हो चुके यात्री प्रतिक्षालय को शनिवार को जेसीबी मशीन के माध्यम से ढंहा दिया गया। इस दौरान मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम एवं तहसीलदार जौली जेम्स उपस्थित थे। मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम ने बताया कि यात्री प्रतिक्षालय जर्जर हो गया था कभी भी गंभीर दुर्घटना बनी हुई थी जिसके कारण इसे आज तोडा गया है। एसडीएम ने आगे बताया कि मैनपुर सड़क किनारे शासकीय भूमि पर जितने भी अवैध कब्जा है उन्हे हटाने का निर्देश दिया गया है। जल्द ही अवैध कब्जा हटाकर मैनपुर को सुन्दर और स्वच्छ बनाया जायेगा।

# लाइलिंग सहित विभिन्न कार्यों में हो रही अनियमितता

**मुड़ागांव (कोरासी)।** शासन द्वारा किसान और आम जनता के हित के लिए अनेकों योजना बनाकर करोड़ों अरबों की राशि जल संसाधन विभाग को दे रहे हैं ताकि इसका समुचित लाभ आम नागरिक और किसान को मिल सकें। लेकिन जल संसाधन की भ्रष्ट नीति शासन की योजना को पूरी तरह पलीता लगाने का कार्य चल रहा है। विभाग के अधिकारी व ठेकेदार के साथ साठ- गांठ कर और घटिया निर्माण कर करोड़ों का व्यारा न्यारा करने में लगे हैं। आप तस्वीर देख कर अंदाजा लगा सकते हैं जिसमें संवाददाता ने मुयायना कर अपने कैमरे में कैद की हैं। उच्च अधिकारियों सहित जन प्रतिनिधियों को इस और कोई ध्यान नहीं है। नतीजन अधिकारी व ठेकेदार घटिया निर्माण कराकर शासन को करोड़ों का चुना लगा रहें हैं और अपना जेब गर्म करने में लगे हैं। गरियाबंद अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य विकासखंड छुरा से जल संसाधन विभाग अंतर्गत दर्जनों निर्माण व विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं जो कछुआ के गति से भी धीमी चल रहा है। जल संसाधन उप संभाग छुरा अंतर्गत चल रहे हैं जितने भी निर्माण कार्य व विकास कार्य है उसमें अनियमितता दिखाई दे रही है। पीपर छेड़ी बांध व नहर निर्माण कार्य से लेकर टेंगनहीं बांध से माइनर में लाइनिंग कार्य सहित खरखरा जलाशय अंतर्गत माइनर नाली में चल रहे लाइनिंग कार्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार जमकर अनियमितता बरत रहें हैं। मामले को लेकर उक्त विभाग अंतर्गत चल रहे सभी कार्यों का पड़ताल किया गया। एक बड़ी लापारवाही देखने को मिला। खरखरा और तिलाईदादर माइनर नाली लाइनिंग कार्य हुए साल भर नहीं हुआ है और जगह -जगह अनियमितता की ▶▶ शेष पेज 11 पर

- साल भर नहीं हुआ, अभी से दिखने लगा स्ट्रेक्चर



## आवश्यकता है

हरिभूमि

छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र में टीम लीडर एवं प्रसार सहायक की आवश्यकता है। जिसका हेड क्वाटर बलौदाबाजार शहर होगा। कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर जिला रहेगा।

पद : टीम लीडर - 1 पद

योग्यता : स्नातक, उम्र- 25-30 वर्ष

वेतन 12,000 + 2000

पद : प्रसार सहायक - 5 पद

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक, उम्र- 20-30 वर्ष

वेतन 10,000 + 2000

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ दिनांक 20 मई से 25 मई 2024 तक निम्न ईमेल आईडी एवं व्हाटसअप नम्बर पर तुरंत संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

8370049468

Email id: cir.haribhoomi@gmail.com

## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

# आंबा भवन नहीं होने से बच्चों को भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल के ग्रामों में आंगनबाड़ी भवन नहीं होने के कारण छोटे- छोटे बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी भवन बनाने की मांग कर थक चुके हैं, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को आंगनबाड़ी जैसे मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दबनई के आश्रित ग्राम लेडीबाहर में पिछले 13 वर्षों से आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है, लेकिन भवन नहीं होने के कारण किराये के छोटे से कमरे में आंगनबाड़ी संचालित हो रहा है। जिसमें 17 बच्चे है, और इन्हे जो मूलभूत सुविधा मिलना चाहिए नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी ▶▶ शेष पेज 11 पर



## खबर संक्षेप



### अटल मॉनिटरिंग पोर्टल से निगरानी में होगी आसानी

**रायपुर।** अटल मॉनिटरिंग पोर्टल (सीएम डैशबोर्ड) के विकास एवं क्रियान्वयन के लिए शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक दिवसीय डिजाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राज्य शासन के सभी विभागों के सचिव स्तरीय अधिकारियों, विभागीय नोडल अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ को अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से प्रदेश में क्रियान्वित सभी केंद्रीय योजनाओं, राज्य योजनाओं, जनहित में लिए गए प्रमुख निर्णयों, दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाएगी। कार्यशाला में ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन डॉ. आंद्रे नोगवीरा और उनकी टीम ने पोर्टल के विकास संबंधी तकनीकी विषयों की जानकारी दी।

### मच्छर नियंत्रण के लिए एंटी लार्वा, फॉगिंग



**रायपुर।** शहर में मच्छरों से राहत दिलाने के लिए नगर निगम द्वारा मच्छर नियंत्रण के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग कराई जा रही है। इसके तहत शुक्रवार को उषा प्राइड के सामने के क्षेत्र की बस्ती में श्रीराम मंदिर मौलश्री विहार क्षेत्र, स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड, मिनीमाता गुढ़ियारी, खालबाड़ा, सोलापुरी माता मंदिर संन्यासीपारा क्षेत्र वार्ड क्रमांक 7 एवं 48 के क्षेत्र, जोन 2 के वार्ड क्रमांक 26 के कुकरी तालाब क्षेत्र के आसपास सहित विभिन्न बस्तियों, मार्गों, स्थानों में एंटी लार्वा ट्रीटमेंट एवं फॉगिंग का कार्य किया गया। इस दौरान अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कालीमाता वार्ड के खपराभट्ठी क्षेत्र में मच्छरों पर नियंत्रण के लिए चलाए गए फॉगिंग अभियान का निरीक्षण किया।

### एवीवाय के ठेकेदार पर 10 हजार जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम को शिकायत मिली थी कि वार्ड क्रमांक 30 के शंकर नगर में हाउसिंग बोर्ड कांप्लेक्स में सी एंड सी वेस्ट डंप पड़ा हुआ है। इस शिकायत पर निगम की स्वास्थ्य विभाग के जोन स्वास्थ्य अधिकारी उमेश नामदेव, स्वच्छता निरीक्षक अब्दुल नफीस की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। विभाग की टीम को मौके पर सी एंड सी वेस्ट डंप मिला। शिकायत सही पाए जाने पर इस मामले में संबंधित ठेकेदार एजेंसी एवीवाय इंफ्रास्ट्रक्चर के ठेकेदार पर 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया, साथ ही डंप वेस्ट को वहां से हटाने के निर्देश दिए।

# दान में मिली त्वचा से सुधर रहा बिगड़ा चेहरा, चपटी नाक भी हो गई सुंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मृत्यु की बाद दान में दी गई त्वचा की मदद से कई मरीजों का बिगड़ा चेहरा अब सुधरने लगा है। पिछले दिनों डीके अस्पताल में एक युवती की चपटी नाक को कास्मेटिक सर्जरी की मदद से सुंदर बनाया गया था। स्किन बैंक में सुरक्षित रखी गई त्वचा के उपयोग से अब तक दर्जनभर मरीजों का इलाज किया जा चुका है।

राज्य में अभी दो अस्पतालों में स्किन बैंक की सुविधा है। इनमें एक निजी सेक्टर तथा दूसरा शासकीय डीके अस्पताल में मौजूद है। ब्रेनडेड मरीजों के अलावा अन्य मरीजों की मृत्यु के बाद रिश्तेदार उनकी त्वचा का दान इस स्किन बैंक में कर रहे हैं, जो दूसरे मरीजों की तकलीफ कम करने के काम में आ रहा है। जानकारी के अनुसार बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में आने वाले मरीजों को आवश्यकता के अनुसार कास्मेटिक सर्जरी का लाभ भी मिलने लगा है। कुछ समय पहले अस्पताल में एक युवती की नाक की सर्जरी कर उसे सुंदर बनाया गया है। युवती अपनी चपटी नाक की परेशानी लेकर वहां के चिकित्सकों के पास पहुंची थी, जिसकी सर्जरी की गई थी। इसके अलावा डीके अस्पताल के इस विभाग में दर्जनभर अन्य मरीजों के शरीर का घाव भरने के लिए दान में मिली त्वचा का उपयोग किया गया है। जानकारी के अनुसार स्किन बैंक में अब तक आठ से अधिक परिवार ने अपने सगे-संबंधी की मृत्यु के बाद उनकी त्वचा दान में दिया था।

### स्किन बैंक की मदद से दर्जनभर मरीजों की हो चुकी कास्मेटिक सर्जरी

#### त्वचा रोगियों को छोड़ सबका दान

चिकित्सकों के अनुसार त्वचा का दान सामान्य मृत्यु के बाद भी किया जा सकता है। केवल त्वचा अथवा किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों की त्वचा दान में नहीं ली जाती। इसके लिए डीके अस्पताल के स्किन बैक अथवा राज्य अंग एवं उतक प्रत्यारोपण संगठन के दफ्तर में संपर्क कर इस प्रक्रिया को पूरी की जा सकती है। दान में मिली त्वचा को एक निर्धारित तापमान में स्किन बैंक में दस साल भी सुरक्षित रखा जा सकता है।




#### आवश्यकता पर उपयोग

स्किन बैंक में दान में मिली त्वचा को सुरक्षित रखा जाता है। बर्न एवं प्लास्टिक विभाग में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की सर्जरी में आवश्यकता अनुसार इसका उपयोग किया जाता है।

\- **डॉ. हेमंत शर्मा,** उपअधीक्षक, डीके अस्पताल

## क्रिप्टो में हर माह 10 प्रतिशत मुनाफा का झांसा देकर 30 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

# क्रिप्टो से लेकर टास्क पूरा करने के नाम पर एक सप्ताह के भीतर साढ़े तीन करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

क्रिप्टो करंसी सहित टास्क पूरा करने का झांसा देकर एक सप्ताह के भीतर राजधानी के सेजबहार, टिकरापारा तथा पंडरी थाना क्षेत्र में साढ़े तीन करोड़ रुपए ठगी करने की घटनाएं सामने आई हैं। क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर 10 प्रतिशत हर माह मुनाफा देने का झांसा देकर होटल कारोबारी से 30 लाख रुपए की ठगी करने के एक आरोपी को पुलिस ने ओडिशा से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। ठगी की घटना में शामिल अन्य तीन आरोपियों की पुलिस जल्द ही पतासाजी कर गिरफ्तार करने की बात कह रही है।

पुलिस के मुताबिक पेशे से होटल कारोबारी सुशांत कुमार से ठगी करने के आरोप में ओडिशा, काटाभांजी निवासी अमित कुमार थापा को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सुशांत ने पुलिस को बताया है कि परिचित के माध्यम से उनका ओडिशा में अमित से परिचय हुआ। सुशांत का अमित के साथ जब परिचय हुआ तो अमित के साथ उसके अन्य जालसाज साथी भी उपस्थित थे। बातचीत में अमित ने सुशांत को बताया कि वह और उसके साथी एमबीई कामर्स प्रायवेट लिमिटेड नाम से कंपनी चलाते हैं।

### सोशल मीडिया में सेलिब्रिटी की एआई तकनीक से वीडियो बनाकर लोगों को झांसे में लेने की कोशिश

#### कंपनी में जुड़ने पर 10 प्रतिशत कमीशन की गारंटी

बातचीत के दौरान अमित ने सुशांत को अपनी कथित कंपनी का रजिस्ट्रेशन नंबर सहित अन्य दस्तावेज दिखाते हुए बताया कि उनकी कंपनी क्रिप्टो करेंसी लेन-देन करने का काम करती है। इससे उसकी कंपनी का हर वर्ष ग्रोथ रेट दोगुना से ज्यादा होने का झांसा दिया। अमित ने सुशांत को अपनी कंपनी में क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने पर हर माह 10 प्रतिशत तक मुनाफा देने का झांसा देकर उससे कैश के साथ बैंक अकाउंट के माध्यम से 30 लाख रुपए अलग-अलग अकाउंट में ट्रांसफर कराया।



#### रकम वापस मांगने पर दिखाए सब्ज बाग

पुलिस के अनुसार रकम निवेश करने पर जालसाजों ने शुरुआती दौर में सुशांत को उनके द्वारा लगाई गई रकम में रिटर्न भी दिया। इसके बाद रिटर्न देना बंद कर दिया। रिटर्न नहीं मिलने पर सुशांत से अमित से पैसों की मांग की, तो अमित ने सुशांत को उनका पैसा सुरक्षित होने का झांसा देकर क्रिप्टो में मुनाफा की रकम में वृद्धि होने का सब्ज बाग दिखाया।

#### पैसे देने से बचने कहा- कंपनी किसी अन्य ने टेकओवर कर ली

पुलिस के अनुसार ठगी की घटना दो वर्ष पूर्व की है। लंबे अरसे से क्रिप्टो में निवेश राशि से पैसा नहीं मिलने पर सुशांत ने अमित से अपने पैसों की मांग की तो अमित ने सुशांत को कहा कि कंपनी किसी दूसरे ने टेकओवर कर लिया है, स्थिति सामान्य होने के बाद अमित ने सुशांत को रकम लौटाने का झांसा दिया। इसके बाद सुशांत को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।

#### शेयर मार्केट, टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी

पंडरी तथा टिकरापारा थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर एक डॉक्टर से दो करोड़ 92 लाख तथा एक युवती से टास्क पूरा करने के नाम पर जालसाजों ने साढ़े आठ लाख रुपए ठगी का शिकार बनाया है। डॉक्टर सुनील कुमार देवांगन ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह शेयर बाजार का काम करता है। फेसबुक में विज्ञापन देखकर डॉक्टर एक शेयर एप डाउनलोड कर ठगी का शिकार हुआ। इसी तरह पिंकी साहू अज्ञात कॉल पर विश्वास कर टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी का शिकार हुई है।

#### एआई से सेलिब्रिटी का वीडियो बनाकर ठगा

पिछले कई महीनों से एआई के माध्यम से न्यूज चैनलों का फर्जी लोगो लगाकर सेलिब्रिटी का वीडियो अपलोड कर एआई के माध्यम से शेयर बाजार तथा अन्य कारोबार का एप डाउनलोड करने जालसाज, यूजर को प्रेरित कर रहे हैं। पंडरी थाना क्षेत्र में डॉक्टर के साथ ठगी की घटना एआई के माध्यम से किए जाने की बात जानकार कह रहे हैं।

## निगम ने चलाया अभियान

# दुकानों के सामने लगे डमी पुतले विज्ञापन बोर्ड, स्टैंड व कैरेट जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ी हुई है, जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ट्रैफिक जाम का बड़ी वजह सड़कों के किनारे अवैध रूप से लगे ठेले-गुमटियों के अलावा दुकानों के बाहर लगे विज्ञापन बोर्ड, डमी पुतले, स्टैंड व कैरेट जैसे कई समान है। इनके कारण सड़कों पर गाड़ियों के आवागमन के लिए जगह कम मिल पाती है, जिससे जाम की स्थिति बनते रहती है। नगर निगम प्रशासन ने लोगों को जाम से राहत दिलाने के लिए शुक्रवार को शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर अभियान चलाते हुए दुकान संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए समान जब्ती की कार्रवाई है। इस दौरान कुछ ठेले भी जब्त किए गए।




#### पुलिस टीम की मौजूदगी में कार्रवाई

नगर निगम की टीम ने पुरानी बस्ती से लाखे नगर चौक मुख्य मार्ग, जी.ई. रोड में आमापारा चौक से अनुपम गार्डन मार्ग के दोनों ओर कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने रेडीमेड वस्त्रों की दुकानों के बाहर फुटपाथ पर लगे 35 डमी पुतले, 100 कैरेट, 20 स्टैंड, 60 विज्ञापन बोर्ड, 12 गद्दे, 8 कुर्सी, 5 ठेले जब्त किए। इस कार्रवाई के दौरान टीम को कई जगहों पर दुकान संचालकों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। निगम टीम के साथ पुलिस की टीम भी मौजूद रही। इस कारण दुकानदार निगम की कार्रवाई में ज्यादा देर तक बाधा उत्पन्न नहीं कर पाये।

## राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सत्र का हुआ समापन, अफसरों को दिए निर्देश



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी में संभाग और जिले के अधिकारियों के 5 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सत्र समापन अवसर पर कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में प्रशासनिक कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए संभाग और जिले के अधिकारियों का प्रशिक्षण आवश्यक है। संचालक लोक शिक्षण दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग बेहतर तरीके से करेंगे। अब शत प्रतिशत योजनाओं को गति देने में आसानी होगी संभाग और जिले के शिक्षा अधिकारियों 5 दिन में रिफ्रेश होकर नई ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। प्रशासन अकादमी के डायरेक्टर टीसी महावर ने कहा कि विभाग की आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अनुशासन में रहकर नियमों का पालन किए जाने की अपेक्षा करते हुए कार्यालय की प्रबंधन क्षमता और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने का सुझाव दिया। समारोह के प्रारंभ में संकाय सदस्य डॉ अभिषेक दुबे ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण के विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग की उपसचिव इफ्फत आरा, अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे, उप संचालक आशुतोष चावरे, अशोक नारायण बंजारे, प्रशांत पांडेय, अकादमी के कोर्स डायरेक्टर अभिषेक दुबे, डॉ. सीमा सिंह और नोडल प्रभारी डी. दर्शन भी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन उप संचालक श्री आशुतोष चावरे ने किया।

## सोना फिर 76 हजार पार चांदी पहली बार 91 हजार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने और चांदी की कीमत को फिर से पर लग गए हैं। सोना एक बार फिर से 18 अप्रैल के बाद 76 हजार के पार होकर राजधानी रायपुर में जीएसटी के साथ 76200 रुपए हो गया है। चांदी की कीमत पहली बार 91 हजार के पार होकर 91100 रुपए किलो हो गई है। यह इतिहास में सबसे ज्यादा कीमत है।

सोने की कीमत में अप्रैल में रिकॉर्ड तेजी के बाद इस माह कीमत में कमी होती गई। लेकिन एक बार से कीमत लगातार बढ़ रही है। सोने और चांदी के भाव में दो दिन में सोना 1100 प्रति 10 ग्राम एवं चांदी 4300 प्रति किलोग्राम की बढ़ी है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया, सोने-चांदी के भाव की वृद्धि का मुख्य कारण अमेरिका का अप्रैल माह का जो डाटा आया है उसमें मुद्रास्फीति कम होने से आगामी तिमाही में फेडरल बैंक ब्याज दर कम होने की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में सोने की कीमतों में तेजी आ रही है। निवेदक एवं स्टॉकिस्ट सोने और चांदी में निवेश करके मुनाफा कमान चाह रहे हैं। इसी के साथ चांदी का जहां तक सवाल है तो सोलर प्लांट में चांदी की खपत लगातार बढ़ती जा रही है, इससे चांदी की कीमतों में भी आगे बढ़ोतरी की संभावना है।

# 10 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर मकानों का कराया जा रहा था निर्माण, निगम ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में अवैध प्लाटिंग के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बोरियाखुर्द क्षेत्र के ग्राम कांदुल रोड के पास भी एक मामला सामने आया है, जहां 10 एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग करा कर वहां मकानों का निर्माण कराया जा रहा था। इसकी शिकायत पर नगर निवेश की टीम ने शुक्रवार को इस काम पर रोक लगाते हुए इस प्लाट पर बनाई गई मुरुम रोड और डीपीसी को हटाने की कार्रवाई की।

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिले में अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के इस निर्देश के बाद नगर निगम के पास अवैध प्लाटिंग की लगातार शिकायतें आ रही हैं। इन शिकायतों पर नगर निगम का निवेश विभाग कार्रवाई भी कर रहा है। इसी कड़ी में बोरियाखुद में ग्राम कांदुल रोड के पास लगभग 10 एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर मकानों का निर्माण किया जा रहा है, इसकी शिकायत निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के पास आई थी। इस शिकायत पर आयुक्त ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए। टीम जब मौके पर पहुंची, तो वहां मुरुम रोड बनाने के साथ मकानों के निर्माण के लिए डीपीसी का काम तक हो चुका था। टीम ने अवैध मुरुम रोड को थ्रीडी से काटा और डीपीसी को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान नींव को भी थ्रीडी से तोड़कर वहां पहुंचने वाले मार्ग को बाधित किया।

### नगर निवेश विभाग की कार्रवाई



#### गोगांव क्षेत्र में 3 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग पर लगाई रोक

जोन 1 के अंतर्गत संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 3 के गोगांव क्षेत्र में काला मैदान में लगभग 2 एकड़ तथा बंधवा तालाब के पास लगभग 1 एकड़ निजी भूमि पर भी अवैध प्लाटिंग कर यहां मुरुम रोड का निर्माण किया गया था। निगम टीम ने यहां भी प्लाटिंग पर रोक लगाने की कार्रवाई की।



#### एफआईआर होगी दर्ज

अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत थानों में नामजद एफआईआर दर्ज की जाएगी। निगम के अधिकारी अवैध प्लाटिंग मामले में निजी भूमि के मालिकों का पता लगा रहे हैं। इसके बाद उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।


# सुधरा पीजी हास्टल का बिगड़ा वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हास्टल के बिगड़े वाटर कूलर में सुधार होने के बाद अब पीजी छात्रों को खरीदकर पानी पीने की मजबूरी नहीं होगी। हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए जेएन मेडिकल कालेज प्रबंधन ने वाटर कूलर सुधरवा दिया है। दो दिन की मरम्मत के बाद छात्रों को अब ठंडा पानी मिलने लगा है।

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज के पीजी ब्वायज हास्टल में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगाए गए वाटर कूलर के खराब होने की वजह से वहां रहने वाले छात्रों को पानी का जार खरीदने के लिए पैसे खर्च करने पड़ रहे थे। हरिभूमि ने इस खबर को प्रकाशित किया था, जिस पर कालेज प्रबंधन ने सुध ली। गुरुवार और शुक्रवार को मरम्मत के बाद वाटर कूलर को सुधरवाया गया और छात्रों को ठंडा पानी नसीब हुआ। मेडिकल कालेज का पीजी हास्टल अस्पताल भवन के पीछे मरचुरी के निकट बना हुआ है।

## सेन जयंती समारोह, बाजे-गाजे के साथ निकाली शोभायात्रा



**रायपुर।** कनौजिया सेन समाज, युवा मंडल सेवा समिति रायपुर ने सेन जयंती समारोह का आयोजन मायाराम सुरजन हॉल राजबंधा मैदान में किया। कार्यकारिणी सदस्य रवि सेन ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि अजय श्रीवास की अध्यक्षता में कार्यक्रम शुरू हुआ। सर्वप्रथम संत शिरोमणि सेनजी महाराज की कलश शोभायात्रा में कनौजिया सेन समाज से बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित होकर गाजे-बाजे के साथ निकले, शहरभर भ्रमण करते हुए वापस समारोह स्थल पर शोभायात्रा का समापन किया गया। अतिथियों द्वारा सेनजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर पूजन किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में समाज के प्रतिभावान बच्चों द्वारा नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि रिकेश सेन विधायक वैशाली नगर द्वारा अपने उद्बोधन में सेन समाज के भवन निर्माण के लिए 10 लाख की सहायता राशि की घोषणा की गई।

## नीली आंखें और सफेद दाग देखकर चिकित्सकों ने कराई जांच

# दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाने पहुंची सगी बहनों को दुर्लभ बीमारी, होगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाने के लिए जिला अस्पताल पहुंची सगी बहनों की जांच के दौरान अनुवांशिक दुर्लभ बीमारी का पता चला। बच्ची का सर्टिफिकेट बनाने के साथ ही उनके बहरेपन का आवश्यक इलाज भी किया जाएगा। वॉर्डन बर्ग सिंड्रोम नामक बीमारी से पीड़ित होने की वजह से उन्हें सुनाई नहीं देने के साथ सफेद चमड़ी और नीली आंखें होने की समस्या थी।

जानकारी के अनुसार 12 एवं 14 साल की दोनों सगी बहनें कुछ दिन पहले अपनी दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाने जिला अस्पताल पंडरी आई थीं। वहां के ईएनटी विभाग की चिकित्सक डॉ. नसरीन बेगम ने दोनों की जांच की। इस दौरान उनका ध्यान एक बच्ची की नीली आंखें और दूसरी के शरीर पर सफेद दाग पर गया। लक्षण और परिजनों से जानकारी के आधार पर उन्हें किसी तरह की बड़ी बीमारी का संदेह हुआ। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि दोनों वॉर्डन बर्ग सिंड्रोम नामक बीमारी से पीड़ित हैं। डॉ. नसरीन ने बताया कि यह बीमारी दुर्लभ होती है और 42 हजार में किसी एक में पाई जाती है।

इसी बीमारी के कारण बहनों की श्रवण शक्ति बचपन से कमजोर थी। इसके अलावा एक बच्ची की आंख नीली हो गई थी और दूसरी के शरीर में सफेद दाग हो गया। दोनों को बहरेपन का प्रमाणपत्र दिया जाएगा, मगर इसके साथ ही उनकी समस्या के समाधान के लिए हियरिंग एड मशीन देने अथवा कॉकलियर इंप्लांट के माध्यम से इलाज की तैयारी की जा रही है।

#### खाना नहीं निगल पा रहे थे निकला कैंसर

इसी तरह दो साल से ठीक से खाना नहीं निगल पाने की समस्या लेकर इलाज के लिए जिला अस्पातल पहुंचे मरीज की जांच की गई तो वह कैंसर का मरीज निकला। सीटी स्कैन के माध्यम से उसकी बीमारी का पता चल पाया। 52 साल के मरीज को इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया है। रेडियोडायग्नोसिस विभाग के विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष गुप्ता ने बताया कि सही समय पर डायग्नोसिस से इलाज में काफी मदद मिल सकती है।




#### सही समय पर पहचान जरूरी

किसी भी बीमारी का सही समय पर पहचान किए जाने से उसका बेहतर इलाज किया जा सकता है। मौजूद संसाधनों और चिकित्सकों की मदद से यह संभव हो पा रहा है।

\- **डॉ. एसके भंडारी,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

#### बच्ची की बची जान

शरीर पर बड़े-बड़े दाने, जीभ और आंखों का लाल होने और चमड़ी फटने की शिकायत पर गंभीर अवस्था में इलाज के लिए पहुंची आठ साल की बच्ची का महंगी दवा की मदद से उपचार कर जान बचा ली गई है। शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. निलय मोझरकर के अनुसार बच्ची को कावासाकी डिजीज था। भर्ती कर उसे उपचार की सुविधा दी गई और पखवाड़े भर तक निगरानी में रखने के बाद उसे स्वस्थ घोषित किया गया। इस बीमारी की वजह से भविष्य में हृदय संबंधी समस्या भी हो सकती थी।

# जिले में सैकड़ों की संख्या में हरिभूमि के पाठकों को दिया गया पुरस्कार













**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद**

हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के विजेता पाठकों ने समाचार के साथ उपहार भेंट करने पर हरिभूमि की इस योजना की जमकर सराहना किया है। गरियाबंद जिले में सैकड़ों की संख्या में पाठकों को पुरस्कार दिया गया। साथ ही जिन पाठकों ने कूपन कार्यालय में जमा किया उन पाठकों को भी हरिभूमि की ओर से संत्याना पुरस्कार दिया गया।

शनिवार को भी हरिभूमि ब्यूरोचीफ गोरेलाल सिन्हा एवं कोपरा संवाददाता उरेंद्र साहू प्रसार सहायक डोमन साहू ने नंदकुमार जोशी, योगेश तारक, कमल नारायण सिन्हा, बसंत साहू, लोमस साहू, दिनेश कुमार साहू, अर्जुन साहू, कोमल चंद साहू, गेंद राम साहू, जुगराम दास मानिकपुरी, तुकेश्वर चंद्राकर, उषा मरावी, हेमनाथ सिदार, सुशांत सिदार सहित अन्य पाठक को पुरस्कार वितरण किया गया। हरिभूमि की इस लकी ड्रा में निकले विजेताओं को हरिभूमि द्वारा कार फ्रीज, टीवी, इंडक्शन कुकर, मिक्सर ग्राइंडर, रूम हीटर, कैटल बॉक्स सहित अन्य पुरस्कार पाठकों को दिए गए हैं।

कोपरा के बहुत पुराने पाठक कमल नारायण सिन्हा ने कहा पाठकों को हरिभूमि पुरस्कार योजना का बेसब्री से इंतजार रहता है। उन्होंने बताया की वह हरिभूमि को शुरू से ले रहे हैं। तब से लेकर अब तक वह निरंतर हरिभूमि पेपर ही पढ़ रहे हैं। उन्हें एक दिन भी पेपर नहीं मिलता तो बेचैनी महसूस होता है। हरिभूमि के पाठक पुरस्कार योजना का सभी पाठक को इंतजार रहता है। यही वजह रही कि हरिभूमि की पाठक पुरस्कार योजना की लेकर पाठकों ने बह चढ़कर हिस्सा लिया आकर्षक इलाम प्राप्त करने के लिए हजारों पाठकों ने नाम व पत्ता सहित तूरान हरिभूमि कार्यालय में जमा किया था।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अलग-अलग जगहों से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में बसना पुलिस ने ग्राम जबलपुर के घर बाड़ी में रखे अवैध 3 हजार एम एल महुआ शराब कीमती 600 रूपए के साथ सोनु सिदार पिता धनसाय 19 साल को पकड़ा है। वहीं दूसरे मामले में कोतवाली पुलिस ने अपने दुकान में कल्याणी मारकंण्डे पति सत्यनारायण मारकंण्डे 33 साल ग्राम मचेवा निवासी को शराब बिक्री करने वास्ते रखे 12 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1080 रुपए एवं बिक्री रकम 210 रूपए को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों पर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट से अपराध कायम कर कार्रवाई की है।

### जाड़ामुड़ा मामले में 2 माह बाद भी गिरफ्तारी नहीं

**महासमुंद।** जिले के चर्चित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जाड़ामुड़ा के प्रबंधक, आपरेटर एवं किसानों पर धोखाधड़ी कर शासन को लाखों रूपये का चूना लगाए जाने के मामला में लगभग 2 माह बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों तक नही पहुंच पाई है। इधर, आरोपी स्वयं को बचाने के लिए अलग-अलग हथकंडे अपना रहे हैं वहीं सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों के साथ तस्वीर खींचाकर शासन प्रशासन पर अप्रत्यक्ष दबाव बनाए जाने की भी कोशिश की जा रही है।
मामले को लेकर आगजन की मानें तो मजबूर, असहाय और गरीब लोगों पर हुए मामलों में पुलिस की तत्परता नजर आती है वहीं रसूखदार लोगों के मामले में पुलिस शिथिलता बरत रही है। आरोपियों का सीएम के साथ वाली तस्वीर सोशल मीडिया में तेजी से वायरल होने के कारण शासन की छवि धूमिल हो रही है। बता दें कि समिति प्रबंधक उमेश कुमार भोई मामले में हाई कोर्ट से जमानत याचिका पहले ही ख़ारिज हो चुकी है। किसानों का रकबा बढ़ाने, किसानों द्वारा बेचे धान को उनके खाते में जमा न कर गबन करने के मामले में आरोपियों को पकड़ने पुलिस विभाग द्वारा किसी प्रकार से कड़े कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिससे लोगों के मन मे बहुत सारे सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का मानना है कि इस हाईप्रोफाइल मामले को दबाने की कोशीश की जा रही है।

## स्थापना दिवस : ग्राम केड़ीआमा रमनपुर का 18वां स्थापना दिवस मनाया गया

# जहां नये गांव बसाये जाने की कोई संभावना नहीं थी, वहां डॉ. रमन ने बसाया : रूपसिंग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)**



विकासखंड छुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कनेसर के आश्रित ग्राम रमनपुर, केडीआमा जो की तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जी का गोद ग्राम है आज ही के दिन तत्कालिन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इस गांव रमनपुर केड़ीआमा की सौगात दी थी। शनिवार को ग्राम केड़ीआमा का 18 वां स्थापना दिवस समस्त ग्रामवासियों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ लावण्यां निधि बालिका मानस परिवार ग्राम जमाही के साथ अतिथियों द्वारा पूजा वंदना कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपसिंग साहू ने ग्राम केड़ीआमा के समस्त ग्रामवासियों को 18 वें स्थापना दिवस की बधाई शुभकामना देते हुए कहा कि आज के ही दिन हमारे तत्कालिन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयासो से हमे यह सुंदर ग्राम केड़ीआमा रमनपुर की सौगात मिली है। यहां नया गांव बसाये जाने की कोई संभावना नहीं थी जिसे हमारे भाजपा शासन काल में डॉ. रमनसिंह जी की दूरदर्शिता के फलस्वरूप यहां गांव बसाया गया एवं कई मूलभूत सुविधाएं भी प्रदान की गई है। इस गांव में सीधे सरल और सहज लोग बसते है। जिनसे मिलकर मैत्रीपूर्ण वातावरण की अनुभूति होती है।

### गांव की सीमा से कार्यक्रम स्थल तक निकाली रैली

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता व वरिष्ठ भाजपा नेता रूपसिंग साहू का ग्रामीणों द्वारा गांव की सीमा से कार्यक्रम स्थल तक रैली की शक्ल में गाजे -बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान ग्राम केड़ीआमा के 18वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू एवं अध्यक्षता संदीप पांडेय अध्यक्ष भाजपा मंडल पांडुका, विशेष अतिथि जनपद सदस्य लगनी अवध राम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कनेसर कमीन कृपा राम ध्रुव, पूर्व सरपंच बिजली मोतीराम निषाद, पूर्व सरपंच रानीपरतेवा हेमलाल नेताम, मंडल उपाध्यक्ष भानू प्रताप साहु, किसान मोर्चा अध्यक्ष चन्दु साहु, पूर्व उपसरपंच अकलवारा देवनारायण साहु, मोनू साहु, डॉक्टर कुमार सिन्हा, सोनूगिरी गोस्वामी, उदेंराम साहु प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी यहां के लोगो की प्रसंशा करते हुए सहयोगात्मक भाव प्रकट किया गया। इस मौके पर स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उदय राम साहू, रिखी राम साहू, लोकराम कमार, झड़यिार, मुकेश, सोहन, यशवंत, पुरुषोत्तम, भुवन वर्मा, साधु राम, वेदराम, मानसिंह, दशरथ विश्वकर्मा, चंद्रिका बाई, इतवारी बाई, जानकी, सतरूपा,उमा बाई, जोहत्री बाई, कुमारी बाई आदि सभी महिला पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन राजकुमार यादव ने किया। इस दौरान विभिन्न मानस मंडिलियों द्वारा संगीतमय भजन व कथा भी प्रस्तुत किए गए।

# श्री रामचरितमानस को विश्वधरोहर घोषित करने पर रामभक्तों में हर्ष की लहर



**हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर**

मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कमेटी फॉर एशिया एंड द पैसिफिक के 10वीं सम्मेलन यूनेस्को के उलानबटार में आयोजित हुआ। अंतरराष्ट्रीय सभा सम्मेलन में विभिन्न देशों के 38 प्रतिनिधि मंडल, 40 पर्यवेक्षक नामांकित व्यक्तियों के साथ शामिल हुए। जिसमें आचरणीय ग्रंथ रामचरित मानस, पंचतंत्र एवं सहृदयालोक-लोकन तीनों प्रविष्टियों को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया पैसिफिक रिजनल रजिस्टर में शामिल कर विश्व धरोहर की मान्यता दी है।

आईजीएनसीए में कला निधि(प्रभाग)के डीन प्रशासन और विभाग प्रमुख प्रोफेसर रमेश चंद्र गौर ने भारत के तीनों प्रविष्टियों को सफलतापूर्वक प्रस्तुत कर विश्व धरोहर की मान्यता दिलाने में अहम भूमिका निभाई। यूनेस्को में श्री रामचरितमानस के विश्व धरोहर घोषित किए जाने पर अंचल के साहित्यकार, मानस मर्मज्ञों, रचनाकार, कवि व लेखन कार्य से जुड़े कलाकारों में अपार हर्ष एवं हर्ष की लहर है।

तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिला मानस संघ के संस्थापक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डॉक्टर मुन्ना लाल देवदास ने श्रीराम चरितमानस ग्रन्थ की विश्वसनीयता का आज वैश्विक पटल पर स्थापित होना सम्पूर्ण मानवजाति के लिए ऐतहासिक एवं गौरवशाली दिन बताया है। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले 1524 ईसवी काल में रचित ग्रंथ का उस समय के सर्वाधिक वाद प्रतिवाद का षड्यंत्र शिकार हुए। भारत के स्वाधीनता के बाद राम और रामायण पर अधिक विरोध प्रतिरोध किया गया। आज संपूर्ण अपवादों से परे आज यूनेस्को में मिली उपलब्धि से सभी मानस प्रेमियों का हृदय गर्व से अभिभूत है। इस अवसर पर प्रो रमेश चंद्र गौर सहित भारतीय प्रतिनिधि मंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है। जिला मानस संघ के जिला अध्यक्ष पुरषोत्तम चंद्राकर ने रामचरित मानस के विश्व धरोहर घोषित किए जाने पर सभी रामभक्त, जिला गरियाबंद के समस्त मानस मंडली को शुभकामनाएं दी है। तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के महासमुंद संभाग अध्यक्ष एवं मधुरिमा मानस एव लोककला मंच के संयोजक पवन चंद्राकर ने हर्ष जताते हुए कहा कि आज भारत में रचित महाकाव्य जो की जनभाषा में रचित है उसे वैश्विक पटल पर प्रमाणित होना भारत के विश्व गुरु बनने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हैं।

समाज सेवी व रजत पदक प्राप्त मानस व्याख्याकार दीपक राज ने गोस्वामी तुलसीदास जी की कृति रामायण जो कि भारतीय साहित्य एवं संस्कृति को गहराई से प्रभावित करता है मानव के नैतिक ताने बाने,आचार व्यवहार के आदर्श अभिव्यक्तियों को आकार देने वाले प्रभु श्री राम की गाथा है। जिला मानस संघ के राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त सुरेश शर्मा पांडुका, जिला मानस संघ के महामंत्री के एस ध्रुव शिक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष नंदकुमार, त्रिवेणी संगम लोक गायक फागू राम तारक साहित्य समिति के टीकम सेन, देव कुमार पटेल गायक व्याख्याकार कवि मोती लाल साहू, तुलाराम संगीत प्रशिक्षक राजिम, लोकनाथ साहू मानसकार जामगांव, राम खेलावन साहू व्याख्याकार सोरिद, भूषण कुंजे मानसकार पाली, घनस्याम साहू संगीतकारभसेरा, थानेश्वर निषाद साहित्यकार व व्याख्याकार पतोरा फिंगेश्वर, महेंद्र सिंह ठाकुर मंडली संयोजक तथा मानस जगत से जुड़े उत्तमसाहू, बृजलाल, नारायण विश्वकर्मा, कुमारसाहू, सोहन लाल, गोविन्द राम साहू, संतोष, प्रकाश, खेमलाल साहू पोलकरा टिकाकार) रामराज पैडवादक, अयान, सोमन यादव बांसुरी वादक, यादराम सुरता गीतकार,कृष्ण किशोर आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

# एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा में 812 परीक्षार्थी हुए सम्मिलित



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद**

■ अपर कलेक्टर एवं संयुक्त कलेक्टर ने किया निरीक्षण

जिला गरियाबंद अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन आज गरियाबंद के शासकीय वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक आयोजित किया गया। चयन परीक्षा में कुल 939 परीक्षार्थियों में से 812 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। वहीं 127 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। अपर कलेक्टर अरविंद पांडे एवं संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत ने परीक्षा केंद्र पहुंचकर परीक्षा के सुचारू संचालन का जायजा लिया। चयन परीक्षा में आयुक्त, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर से परीक्षा केन्द्र के पर्यवेक्षक के रूप में मंजुला तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद विशाल महाराणा भी मौजूद रहे। प्रवेश परीक्षा का आयोजन सफल रहा।



# गायत्री पीठ में पांच युगलों का हुआ विवाह संस्कार संपन्न

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा**

गायत्री शक्ति पीठ छुरा में 2 कुंडीय यज्ञ हवन कर 5 दंपत्तियों का विवाह संस्कार दिवस मनाया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम में उपस्थित शक्ति पीठ के परिव्राजक के रूप व्यास पीठ पर भुनेश्वर पटेल, दिलीप यदु एवं संध्या यदु द्वारा यज्ञ का संचालन किया गया। दंपत्ति तिजाऊ राम साहू घासीन साहू, हेमंत साहू मेनका साहू, देवा राम साहू नीतू साहू, हरीश साहू रामेश्वरी साहू एवं नरसिंग सोम खिलेश्वरी सोम थे। आशीर्वाद प्रदान करने केके साहू प्राचार्य, वसुंधरा साहू, रीता कोठारी, नंदनी साहू, सरस्वती सिन्हा, प्रभु राम सिन्हा एवं छोटे- छोटे बच्चे उपस्थित थे।

# गांजे तस्करी में लिप्त महिला गिरफ्तार

**महासमुंद।** गांजा तस्करी के मामले में सरायपाली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गांजा तस्करों में महिला भी शामिल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर बस स्टैंड सरायपाली कृष्णा सेलून के पास पहुंचकर बताए हुलिए के व्यक्तियों व महिला को घेराबंदी कर पकड़ा। नाम-पता पूछने पर अपना नाम बैतारी निवासी नवीन तांडी (34), हिवरे तरफे थाना नारायणगांव जिला पुणे (महाराष्ट्र) निवासी आकाश सिंदे (23), बगईजोर निवासी मंजू चौहान (36) बताया। इनके पास से तलाशी में एक बैग से 2 किलो गांजा मिला। जिसे पुलिस द्वारा जब्त कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया उन्होनें गांजा ओड़ीशा से लाया है और बिक्री के लिए ले जा रहे थे।



## पेज 9 के शेष

### तेज रफ्तार मोटर...

आई है। जिन्हे मैनपुर अस्पताल लाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया है।

**दो बाइक आपस में टकराई 3 युवक घायल :** मैनपुर कुल्हाडीघाट मार्ग में बीते शुक्रवार रात लगभग 10 बजे के आसपास पुलिस कैंप के सामने ढलान में दो मोटर सायकल आपस में टकरा गया। जिससे मोटर सायकल में सवार तीन लोग घायल हो गये। घायलों को मैनपुर अस्पताल लाया गया। जहां दो को सामान्य चोट लगाने के कारण ईलाज के बाद अपने घर लौट गये और एक युवक के पैर टुटने के कारण उनके परिजन प्राईवेट हास्पिटल ईलाज के लिए ले गये हैं।

### लाइलिंग कार्य सहित...

गढ्ढे अभी से देखने को मिला रहा है। पीपरछेड़ी का बांध और नए नाली निर्माण में अनेक प्रकार की लापारवाही विभाग के जिम्मेदारों की पोल खुल रहा है। ऐसे कई दर्जनों मामलो विभाग में हैं जो विभाग की अधिकारियों को भ्रष्ट नीति को उजागर कर रहा है। जिसका पड़ताल कर जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

### आंबा भवन नहीं होने...

भवन निर्माण की मांग किया है, साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कभी ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर नहीं पहुंचते जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी में व्याप्त समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है, ग्रामीण पुरूषोत्तम सायं, पुसहू राम, धर्मेन्द्र, बिन्दा, राममोहन, मीराबाई, युवराज सायं, प्रेम लाल, यशंवतीन बाई एवं भाजपा नेता लखनगिरी गोस्वामी ने गरियाबंद कलेक्टर से मांग किया है कि ग्राम लेडीबाहर में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया जाये।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### अधेड़ ने मकान में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महासमुंद।** सरायपाली में किराए के मकान में रह रहे 52 वर्षीय अधेड़ ने आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शाम करीब 6 बजे रामभरोसा बघेल पिता प्रभाकर बघेल 52 साल निवासी वार्ड नं. 03 बांधापारा विरेन्द्र नगर सरायपाली ने अज्ञात कारण से अपने कमरे में लगे पंखे पर लूंगी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्यवाही विवेचना में लिया है।

### सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम की चोरी

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम धौराभांठा कोसमर्रा से सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम को किसी अज्ञात शक्स ने चोरी करने की घटना को अंजाम दिया है। प्राथी उमेन्द्र साहू पिता धनसिंह साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराया है कि घर अंदर प्रवेश कर रखे सोने चांदी के जेवर जुमला किमती 77 हजार रुपए एवं नगदी रकम 10 हजार कुल जुमला किमती 87 हजार रुपए को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया है। पुलिस ने शिकायत पर से अज्ञात चोर पर धारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बाइक से महिला को मारी ठोकर, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** बागबाहरा के बस स्टैण्ड के पास महिला को बाइक चालक ने ठोकर मार देने पर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली सुचना के अनुशार मो.सा. क्र. सीजी-04 जेएफ -4698 चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से आकर अमरोतिन बाई नेताम को ठोकर मारकर एक्सीडेंण्ट कर दिया की रिपोर्ट पर से अपराध कायम कर कार्यवाही विवेचना में लिया गया है।

### बगीचा में लगाई फांसी

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम लभराखुर्द के पास आम बगीचा में अज्ञात महिला ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना गंगाराम कुर्रे ने पुलिस को दी। महिला की उम्र करीब 45 से 55 साल बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मामले की मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# काली घटाएं छाई रही पर बारिश नहीं हुई, पारा 26 डिग्री पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला


मौसम का मिजाज अचानक से शुकवार से बदल गया। आसमान में घने काले बादल छा गए हैं। भले ही बारिश नहीं हुई, लेकिन धूप पूरी तरह से खत्म हो गई। साथ ही शाम को चली हल्की ठंडी हवाओं से लोगों को राहत मिली।

वहीं तापमान में भी कमी आई, अधिकतम तापमान 42 डिग्री से 35 डिग्री व न्यूनतम तापमान 30 डिग्री से 26 डिग्री तक पहुंच गया। सामन्य दिनों की तरह सुबह गुर्मी से शुरूआत हुई। पूरे दिन तक लोग गर्मी और उमस भरी गर्मी से परेशान नजर आ रहे थे। हालांकि पूरे दिन तक आसमान में घने बादल छाए रहे। लेकिन बदली की वजह से उमस लोगों को सताती रही।

आसमान में छाए काले और घने बादल ने सुर्योदय को पूरी तरह से ढक लिया। जिसके चलते धूप का नामोनिशान नहीं रहा। उमस भरी गर्मी से लोगों को लग रहा था कि बारिश होगी, लेकिन शाम तक बारिश नहीं हुई। शुक्रवार को पूरे दिन तक हवा नहीं चलने से लोगों को चैन नहीं पड़ रहा था और न ही घर के बाहर ही लोगों को राहत थी। खबर लिखे जाने तक आसमान में घने काले बादल छाए रहे। लेकिन बारिश नहीं हुई थी। अन्य दिनों की अपेक्षा लोग बड़ी संख्या में घर से बाहर निकले हुए दिखे।

### दोपहर तक तेज धूप और शाम को झमाझम बारिश

**मैनपुर।** इन दिनों लगातार मौसम का मिजाज बदल रहा है, जिससे लोगों के जीवन पर इसका विपरित असर देखने को मिल रहा है, लगातार बारिश और उमस से लोग परेशान हो गये है, पिछले एक सप्ताह से सुबह से दोपहर तक तेज धुप और उमस से लोग परेशान हो रहे है और दोपहर के बाद मौसम में अचानक बदलाव के साथ ही शाम होते ही आंधी तुफान के बाद प्रतिदिन बारिश हो रही है, बेमौसम बारिश और बिजली की चमक और लगातार धुप से लोगों के जीवन पर विपरीत असर पड़ रहा है। लोग सर्दी, खांसी, बुखार के साथ ही विभिन्न प्रकार के बीमारी से परेशान हो रहे हैं। तो वहीं दिन दिनों खेतो में धान कटाई के साथ मिजाई का कार्य चल रहा है। वह भी प्रभावित हो रहा है, किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।



## मनमानी: मैनपुर के जंगलों में तेंदू पेड़ का वजूद खतरे में

# औषधीय गुणों से संपन्न तेंदू फल के पेड़ों की अवैध कटाई, सेहत से हो रहा खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ का एक महत्वपूर्ण फल तेंदू का वजूद खतरे में है यह फल जंगलो से गायब होने लगा है। क्योकि इसके पेड़ कम हो रहे है अवैध कटाई और वन विभाग के लापरवाही के चलते आगामी कुछ वर्षो में यह अनूठा फल खत्म हो जाये इससे इंकार नहीं किया जा सकता। ज्ञात हो कि वनों में पाया जाने वाला इस स्वादिष्ट फल को काफी गुणकारी माना जाता है।

मध्यम ऊंचाई करीब 20 से 50 फीट तक ऊंचे एवं घना छायादार होता है भर्री, टीकरा, मेड़, खेत, बंजर पथरीली मुरमी भूमि सहित छोटी पर्वती श्रंखलाओं से मिलकर पड़े पर्वतों के अलावा घने जंगलों में यह निरंतर बढ़ता है। इस पेड़ के नुकिलाकार पत्तों के बीच फल लगते है, गर्मी के दिनों में इस फल की बहार छा जाती है। यह फल पकने के बाद सुनहरे रंग तथा चिकना एवं खुबसूरत दिखता है। वहीं पके हुए तेंदूफल की मादक महक न केवल लोगों को बल्कि जंगल के जंगली जानवरों को भी बरबस अपनी ओर खींच लाती है।

भालू का तो यह प्रिय भोजन है तथा तेंदूफल पकने के समय इस वृक्ष के नीचे भालू डेरा जमाये रहता है। जैसे ही पका हुआ फल झाड़ से टपकता है भालू झपट पड़ता है, ग्रामीण ऐसा बताते है कि भालू के पाचन तंत्र से होकर गुजरने के बाद ही तेंदूफल के बीज का अंकुरण संभव होता है और तेंदूफल कई अनुसंधान हो चुका है जिस पर फल पर अनुसंधान हो चुका है वह फल का वृक्ष तेजी से घट रहा है जो चिंता का विशय है, बताया जाता है तेंदू बीजो से तेल और फलो के सत्व में औशधीय गुणो का प्रचुरता कब्ज दूर करता है इसके आलावा खून साफ करने के साथ उच्च रक्तचाप को नियंत्रण में रखता है साथ ही वात रोगो की अक्सीर दवा के अलावा भीशण गर्मी में इसके सेवन से लू से न केवल बचाता है बल्कि शरीर में प्रतिरोधक क्षमता भी विकसित करता है फिलहाल सरकार वनो में औशधीय और फलदार वन विभाग के माध्यम से पौधे उगाये जाते है और बारिश के दिनों में जगह –जगह पौधा रोपण किया जाता है। उसी तर्ज पर तेंदू पौधा का रोपण किया जाये तेंदू बीजो को अंकुरित योग्य बनाकर वन क्षेत्रों व पहाड़ के खाली जंगलो में जगह –जगह लगाया जाये जिससे वन क्षेत्रों में फलदार वृक्ष बढ़ सके और वन्यप्राणी पशु पक्षी को भी आहार मिल सके।



### विभाग को प्रोपोजल भेजेंगे

वन परिक्षेत्र अधिकारी मैनपुर संजीत मरकाम ने चर्चा में बताया कि आगामी बारिश के दिनों में तेंदू के पौधा को लगाने के लिए विभाग को प्रोपोजल भेंजेंगे। उन्होने कहा कि क्षेत्र में तेंदू का वृक्ष काफी तादात में है, और लगातार वनों की सूरक्षा के लिए वन विभाग काम कर रही है।



### तेंदू के वृक्ष को बचाने के लिए वन विभाग को ठोस पहल करने की जरूरत

लेकिन अब तक गुणों व औषधिय से भरा तेंदूफल को बचाने के लिए किसी ठोस नीति पर प्रयास करते नहीं दिख रहा है। जाहिर है जंगल में बची यह प्रजाती कुदरती तौर पर किसी तरह अपना अस्तित्व बनाये हुए है चुंकि अब छत्तीसगढ़ का अपना वन अनुसंधान केंद्र है। इसलिए तेंदू पौधा रोपण के लिए अनुसंधान एवं कारगार उपाय किया जाना चाहिए।

### पर्यावरण के लिए तेंदू पेड़ काफी उपयोगी

तेंदू का एक और बहुमूल्य पक्ष है तेंदूपत्ता को हरा सोना के नाम से जाना जाता है। शासन के माध्यम से तेंदूपत्ता की खरीदी की जाती है और इस पत्ते से बीड़ी बनाई जाती है इससे करोड़ों रूपये के व्यापार होता है साथ ही लाभांश का 80 प्रतिशत राशि सीधे संग्रहक मजदूरों को दी जाती है, क्षेत्र के वरिष्ठ ग्रामीण मोहन नेताम, भारत नागेश, जितेन्दु कुमार, महेन्द्र नेताम बताते है पर्यावरण के लीहाज से तेंदू पेड़ काफी उपयोगी है। इसके नीचे खूब उगने वाली घास चारा देने के अलावा भू संरक्षण का काम भी करती है गर्मी के मौसम में जब अन्य फलों की कमी होती है तो रेसेदार मिठास से भरा तेंदू का फल राहत पहुंचाता है लेकिन तेंदूपत्ता का दुखद पहलु यह है कि भर्री, टीकरा, आबादी एवं कृषि क्षेत्र में बहुत अधिक संख्या में पाये जाने वाला बड़े-बड़े वृक्ष कम होते जा रहे है, ग्रामीण बताते कि तेंदू का फल भालू, बंदर, लोमड़ी व अन्य वन्यप्राणियो को काफी पसंद है। लेकिन जंगल से अब बंदर भी वनो से निकलकर गांवो की तरफ रूख कर रहे हैं खेतों के फसल को नष्ट कर रहे है, ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग किया है कि घटते तेंदू के जंगल का विकास किया जाये।

# बरोण्डा स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत- प्रतिशत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरोण्डा में कक्षा दसवीं में रूपाली पिता अशोक निर्मलकर ने 90.17 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं में पूर्णिमा पिता गोविंदराम देवांगन 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। परीक्षाफल की जानकारी देते हुए शाला की प्राचार्य ललिता अग्रवाल ने बताया कि सत्र के प्रारंभ से ही सभी शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा की चिंता करते हुए सभी विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत एवं नियमित पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

कक्षाओं में नियमित अध्यापन कराया गया साथ ही गृह कार्य, रिवीजन आदि के कारण छात्रों ने बेहतरीन परिणाम लाया है। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 81.82 प्रतिशत रहा, वहीं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कला संकाय से मोहिनी पिता चंदूराम ने 67.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संस्था की प्राचार्य ललिता अग्रवाल, वरिष्ठ व्याख्याता तानसेन साहू, विजयमणि वर्मा, परीक्षा प्रभारी अभिषेक गोलछा, सुरेश देवांगन, एकता वर्मा, उत्तम कुर्रे, शोभना शिंदे, अश्वनी साहू, कुमारी रेखा शर्मा, मिली घोष, गीता साहू, नरेंद्र कुमार, अमित कुंभकार, व्यायाम शिक्षक जीवनलाल दीवान, कार्यालय सहायक ऋषि साहू तथा विद्या साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उक्त जानकारी परीक्षा प्रभारी अभिषेक गोलछा ने दी है।

# हिना 10वीं में 94.33% अंक के साथ विद्यालय में प्रथम

**नवापारा-राजिम।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के कक्षा दसवीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं का परिणाम 73.12 प्रतिशत एवं कक्षा बारहवीं का परिणाम 82.94 % रहा। कला संकाय में 73.91 प्रतिशत,विज्ञान संकाय में 90.24% ,वाणिज्य संकाय का परिणाम 97.29% रहा।



कक्षा दसवीं में कुमारी हीना साहू ने 94.33% के साथ शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरला साहू 93.33% द्वितीय,सुमन टंडन 93% तृतीय, लीमा देवांगन 92.66% चतुर्थ, कृति सूर्यवंशी 88.83 % अंक प्राप्त कर पंचम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 12वीं कला संकाय में कुमारी ऋषिका 86.6 प्रतिशत प्रथम, रेणुका 79% द्वितीय, भुनेश्वरी 77.5% तृतीय,सोनिया 77.4% चतुर्थ, गणेश्वरी 74.4% के साथ पंचम स्थान पर रही। विज्ञान संकाय में कुमारी सेजल सूर्यवंशी ने 81. 2% अंक लाकर प्रथम स्थान, सुषमा साहू 81% द्वितीय स्थान,शाहीन खातून 79% तृतीय स्थान, गुंजन 78% चतुर्थ स्थान,हीना ध्रुव ने 73% के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय में कुसुम गिलहरे 88.8% के साथ प्रथम, तेजेश्वरी देवांगन व साधना यादव 87.27%के साथ दोनों द्वितीय,कंचन विश्वकर्मा 77.6% के साथ तृतीय,एवं माधवी देवांगन 77.4% के साथ चतुर्थ स्थान पर रहीं. इस प्रकार वाणिज्य संकाय की छात्रा कुसुम गिलहरे ने तीनों संकाय मिलाकर 88.8% लेकर स्कूल में प्रथम स्थान अर्जित किया है। बच्चों की इस सफलता पर प्राचार्य सरिता नासरे एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्राओं की इस सफलता पर बधाई दी। ज्ञात हो कि कुमारी हीना साहू दुलना गांव के खदान में कार्यरत मजदूर तामेश्वर साहू की सुपुत्री है। इस छात्रा को स्कूल परिवार सहित ग्रामीणो ने बधाई दी है।

# जामगांव हायर सेकंडरी में कक्षा में 10वीं में प्रशांत व 12वीं की हेमलता प्रथम

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12 वीं का परीक्षाफल घोषित किया। जिसमें शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल जामगांव में कक्षा 10वी में प्रशांत कुमार 87.16 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं में कुमारी हेमलता 79.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। परीक्षाफल की जानकारी देते हुए शाला के प्राचार्य भारती साहू ने बताया कि शाला में प्रारंभ से सभी शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा की चिंता करते हुए सभी विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत एवं नियमित पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। वहीं पर कक्षाओं मे नियमित अध्यापन कराया जिसके फलस्वरू छात्रों ने रिजल्ट में बेहतरीन परिणाम लाया है। कक्षा 10वी में प्रंशात एवं 12वीं में हेमलता ने प्रथम स्थान पाया है। कक्षा 10वीं में द्वितीय स्थान वेदप्रकाश 84.16 प्रतिशत, तृतीय स्थान में अभय कुमार 83.16 है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में द्वितीय स्थान मोनिका 76.60 एवं तृतीय स्थान कुमारी गूंजन सिन्हा का 75.40 प्रतिशत है।




छात्रों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर संस्था के प्राचार्य भारती साहू, बोर्ड प्रभारी विद्याभूषण साहू, अजय तिवारी, जेके दीवान, एस जांगडे, के साहू, बिरेन्द्र सोनी, विकेश कुमार सूर्यवंशी, व्यायाम शिक्षक बुधलाल नेगी, विनोद कुमार साहू, जयकुमार शर्मा, तुषार विमल भोई ने प्रसन्नता जाहिर करते सभी उतीर्ण छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# समर कैंप में बच्चे सीख रहे हैं शिक्षण के अनेक एक्टिविटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

शासकीय प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में एक सप्ताह का समर कैम्प का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 1 से 8 तक के लगभग 55 बच्चों ने सहभागिता प्रदान की। इसमें बच्चे कविता कहानी चित्रकारी टोपी बनाना, मुखोटे बनाना के अलावा कहानी सुनकर अपने शब्दों में कहानी को सुनाना अपने आसपास की कविता को सुनाना अपना परिचय गतिविधियों के माध्यम से प्रदान करना एवं दूसरों से परिचय लेना इस प्रकार से छात्रों के भाषाई कौशलों पर पठन और लेखन के अंतर्गत रचनात्मक लेखन पर विशेष जोर दिया जा रहा है ताकि बच्चे अपनी कही गई बातों को या सुनी गई बातों को अपने शब्दों में लिपिबद्ध कर सके। इस प्रकार से विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को समूह में करते हुए बच्चे मजे-मजे में समर कैंप में शामिल हो रहे हैं। जिसमें विद्यालय के शिक्षकों के अलावा अभिभावकों शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्यों की भी उपस्थित हो रही है, और इस संपूर्ण कार्य शिक्षा के अंतर्गत प्रतिदिन पूरन लाल साहू में मार्गदर्शन एवं सहयोग शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त हो रहा है। इस प्रकार से अभी लगातार यह समर कैंप संचालित होना है। जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार की गतिविधियों को शामिल किया जा रहा है। जिसमें भाषा गणित अंग्रेजी एवं पर्यावरण को शामिल किया गया है। आज समर कैंप का समापन दिन था। जिसमें स्पोकन इंग्लिश के बारे में प्रशिक्षक नीलम साहू के द्वारा सरल तरीके से अपने दैनिक दिनचर्या में उपयोग होने वाले अंग्रेजी भाषा को बताया गया विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी ने भी बच्चों को संबोधित किया साथ ही विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें नैतिक स्कूल आने के समय अपने माता-पिता को प्रणाम कर घर से निकलना चाहिए क्योंकि हमारे लिए हमारे माता-पिता भगवान से भी पहले पूजनीय है बिजली प्राचार्य पूरनलाल साहू ने कहा कि यदि पारस पत्थर पेटी में बंद रखा जाए तो उसका कोई महत्व नहीं है लेकिन उसे लोहे से स्पर्श कराया जाए तो वह लोहा भी सोने में बदल जाता है। इसलिए हमेशा अच्छाइयों को परोसने का कार्य करना चाहिए सभी आगंतुक अधिकारियों ने शिक्षक खोमन सिन्हा को बधाई प्रेषित किया। आज के समर क्लास में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक नरेश साहू, संकुल समन्वयक गिरवर लाल यादव, प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव, शिक्षक घनश्याम कंवर, प्रशिक्षक नीलम साहू, दुर्गेश विश्वकर्मा, लीलाराम मतवाले, शिक्षक खोमन सिन्हा उपस्थित रहे।



# खेल-खेल में गणितीय अवधारणाओं की बारीकियां से सीख रहे हैं विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

बच्चों की सृजनशीलता को बढ़ावा देने के लिए शासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। संकुल केंद्र छुरा (बालक) अन्तर्गत प्राथमिक शाला तुमगांव में बच्चों की बहुमुखी कौशल को विकास करने के लिए रचनात्मक गतिविधियां कराई जा रही है। संकुल समन्वयक एवं नवाचारी शिक्षक शंकर लाल यदु द्वारा विविध गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की सृजनशीलता का विकास कर रहें है। समर कैंप में बच्चे रेत, मिट्टी, पत्तों आदि के सम्पर्क से प्रकृति के मध्य आनंद के साथ खेल-खेल में नैतिक शिक्षा, गणितीय अवधारणाओं को बारीकी से सीख रहे हैं। खेल के आनंद के साथ अपनी रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने में बच्चों में आनंद का माहौल देखने को मिला। विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले, बीआरसी हरीश देवांगन ने सभी विद्यालयों में समर कैम्प आयोजित कर बच्चों की क्षमता विकसित करने के लिए लगातार प्रेरित कर रहें हैं। तुमगांव विद्यालय नवाचारी गतिविधियों के लिए विख्यात है। संकुल प्राचार्य, एनसी साहू, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने विद्यालय परिवार को बधाई दिया है। शिक्षक ईश्वर प्रसाद देवांगन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हिरमिसी, सहायिका मुंगेश्वरी, तुलसी ध्रुव, टीकम यादव सहित ग्रामवासियों का विशेष सहयोग मिल रहा है।

■ बच्चों की सृजनशीलता को विकसित करने तुमगांव में समर कैंप आयोजित







